# 'उद्योगों के लिए लाइसेंस रजिस्ट्रेशन हुआ आसान'

## पीएचडी चैंबर के वेबिनार में बोले वन मंत्री दारा सिंह चौहान

■ एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ : पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स ऐंड इंडस्ट्री के यूपी चैप्टर ने शनिवार को 'उत्तर प्रदेश मे प्रदूषण और उसके नियंत्रण व सुगम विकास मे उद्योग की भूमिका' पर वेबिनार किया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण मंत्री दारा सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता इज ऑफ डूइंग बिजनेस है। इसे बढ़ावा देने के लिए पर्यावरण विभाग व यूपीपीसीबी ने लाइसेंस रजिस्ट्रेशन और रिन्युअल प्रॉसेज को बेहद सरल कर दिया है। ऑनलाइन क्लियरेंस की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

उन्होंने कहा, बीते साल प्रदेश सरकार ने 25 करोड़ पौधे लगवाए हैं। इस साल 30 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य है। एनजीटी मे निरीक्षण समिति के सदस्य डॉ. अनूप चंद्र पांडेय ने कहा कि हर इंडस्ट्री को एसटीपी लगवाना चाहिए। सीपीसीबी के रीजनल डायरेक्टर डॉ. आरके सिंह, यूपीपीसीबी के सदस्य सचिव आशीष तिवारी, पीएचडी चैंबर के यूपी स्टेट चैप्टर के चेयरमैन डॉ. ललित खेतान ने भी विचार रखे।